BGGCT-131

सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एससी.)
में
कोर पाठ्यक्रम
भौतिक भूगोल

1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक वैध

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

विज्ञान विज्ञापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी
नई दिल्ली–110068
(2024)

प्रिय विद्यार्थी,

आपके नामांकन के बाद हमने आपको स्नातक उपाधि कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग है, उसे कृपया पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं, सतत मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको इस पाठ्यक्रम का **एक सत्रीय कार्य** हल करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है और इसमें तीन भाग हैं, भाग ए, भाग बी और भाग सी। तीनों भागों के कुल अंक 100 हैं। सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण होने के लिए आपको 35% अंक चाहिए।

सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश

सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1) अपनी TMA उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार विवरण लिखें।

नामांकन संख्या : ....
नाम : ....
पता : ....
....

पाठ्यक्रम कोड : ....
पाठ्यक्रम शीर्षक : ....
सत्रीय कार्य कोड : ....
अध्ययन केंद्र : ....   दिनांक : ....

कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गए प्रारूप का सही अनुसरण करें।

2) अपने उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो बहुत पतला न हो।

3) प्रत्येक कागज़ पर बायें, ऊपर और नीचे 4 cm जगह छोड़ें।

4) आपके उत्तर सटीक और अपने शब्दों में होने चाहिए।

5) इस सत्रीय कार्य के भाग ए, भाग बी और भाग सी हल करें, और **भाग ए, भाग बी और भाग सी सहित संपूर्ण सत्रीय कार्य को वैध तिथि के भीतर अपने अध्ययन केंद्र में जमा कर दें।**

6) आपको अपनी सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका दिए गए समय के भीतर जमा करनी है। **वैध तिथि के बाद** सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नहीं ली जायेगी।

   हमारा सुझाव है कि आप अपने सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।

7) यह सत्रीय कार्य **1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक वैध** है। यदि आप इस सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण नहीं हो पाते या इसे 31 दिसंबर, 2024 से पहले जमा नहीं कर पाते तो फिर आपको **2025** का सत्रीय कार्य करना होगा और कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इसे जमा करना होगा।

8) यदि आप इस सत्रीय कार्य को जमा नहीं करेंगे तो **आप इस पाठ्यक्रम का सत्रांत परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकेंगे**। किसी भी पूछताछ के लिए आप कृपया संपर्क करें : satyaraj@ignou.ac.in ।

हमारी शुभकामानाएं आपके साथ हैं।

सत्रीय कार्य
(अध्यापक जांच सत्रीय कार्य)
भौतिक भूगोल

पाठ्यक्रम कोड : **BGCCT-131**
सत्रीय कार्य कोड : **BGCCT -131/TMA/2024**
कुल अंक : 100

भाग–क

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं

1. एक स्वच्छ रेखाचित्र की सहायता से पृथ्वी के आंतरिक भाग की विभिन्न परतों पर चर्चा कीजिए।

2. पेंक के अपरदन चक्र की अवधारणा की आलोचनात्मक चर्चा कीजिए।

3. ग्रहीय पवनें, मौसमी पवनें और स्थानीय पवनें क्या हैं? उनकी घटना की व्याख्या कीजिए और प्रत्येक प्रकार के अंर्तगत दो उदाहरणों का वर्णन करें। जहाँ भी आवश्यक हो, साफ–सुथरे रेखाचित्रों के साथ अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

4. ज्वार की उत्पत्ति के विभिन्न सिद्धांतों को स्पष्ट रेखाचित्र सहित समझाइए।

भाग–ख

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं।

5. वेगेनर के महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत की विस्तार से चर्चा कीजिए।

6. महासागरीय निक्षेपों को उनकी संयोजन और स्रोत सामग्री के आधार पर वर्गीकृत कीजिए।

7. पृथ्वी के वायुमंडल की ऊर्ध्वाधर परतों का विस्तृत विवरण दीजिए।

भाग–ग

निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट्स लिखें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं।

क) पृथ्वी और सौर मंडल की उत्पत्ति की अद्वैतवादी अवधारणा।
ख) शैल चक्र
ग) कोपेन की जलवायु के "बी" प्रकार की व्याख्या करें
घ) हिप्सोग्राफिक वक्र
ड़) पारिस्थितिकी तंत्र के तत्व
च) समस्थितिकी की अवधारणा